इस प्रश्न-पत्र में 30 प्रश्न [खण्ड 'क' (20) + खण्ड 'ख' (5) + खण्ड 'ग' (5)] तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं०** **50/HIS/2**

**Set/सेट** **A**

# हिन्दी

## (301)

Day and Date of Examination ..........................................................................................................

Signature of Invigilators 1. ..........................................................................

2. ..........................................................................

---

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 50/HIS/2, सेट A लिखें।

हिन्दी

**(301)**

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **तीन** खण्ड हैं—खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

(ii) खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खण्ड 'क' 85 अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' 15 अंकों का है।

## खण्ड–क

**1.** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

धनि सु गाउ धनि सो ठाउ धनि पुनीत कुटंब सब लोइ।
जिनि पीआ सार रस, तजे आन रस होई रस मगन डारे बिखु खोइ॥
पंडित सूर छत्रपति राजा भगति बराबरि अउरु न कोइ।
जैसे पूरैन पात रहै जल समीप भनि रविदास जनमे जग ओइ॥

**अथवा**

देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्न तार;
देखकर कोई नहीं,
देखा मुझे उस दृष्टि से जो मार खा रोई नहीं,
सजा सहज सितार,
सुनी मैंने वह नहीं जो थी सुनी झंकार।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

कनक कनक तैं सौगुनी, मादकता अधिकाय।
वा खाएँ बौरात है, या पाएँ बौराय॥

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *35–35* शब्दों में दीजिए : 2+2=4

(क) बिहारी के दोहे के आधार पर ग्रीष्म की विशेषता का वर्णन कीजिए।

(ख) 'फाग' कवित्त के आधार पर गोपी की विवशता का वर्णन कीजिए।

(ग) 'मैं नीर भरी दुख की बदली' का संदेश लिखिए।

**3.** (क) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियाँ किस छन्द में लिखी गई हैं? 1

बाहिर लैकै दियवा, बारन जाय।
सासु ननद ढिग पहुँचत, देत बुझाय।।

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए : 1

आँखिन आँखि लगी रहैं, आखें लागत नाँहि।

**4.** मुक्तिबोध की कविता 'मुझे कदम-कदम पर' **अथवा** राजेन्द्र उपाध्याय की कविता 'कठपुतली' का केन्द्रीय भाव लगभग *35* शब्दों में लिखिए। 2

**5.** सगुण भक्ति **अथवा** निर्गुण भक्ति काव्यधारा की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

सारे राष्ट्र को टी० वी०, वीडियो और कम्प्यूटरी चमत्कारों का दर्शक बनाए रखने और दूसरी तरफ़ पढ़ने-लिखने की चीज़ों को महँगा या अनुपलब्ध करते चले जाने के पीछे एक बाकायदा सुचिंतित योजना है। जनता का ध्यान शोषण से हटाए रखने या शोषण को जायज़ सिद्ध करने के लिए सामन्तवाद धार्मिक अनुष्ठानों, कीर्तनों और देवी-जागरणों का सहारा लेता है। आज के ये आधुनिक सामंत सारे देश को दूरदर्शन केन्द्रों के बढ़ते हुए जाल में बाँधकर अपने चेहरे, वचन या घटिया मनोरंजन पिला रहे हैं।

**अथवा**

वह दूसरे के द्वार पर भीख माँगने नहीं जाता, कोई निकट आ गया तो भय के मारे अधमरा नहीं हो जाता, नीति और धर्म का उपदेश नहीं देता फिरता, अपनी उन्नति के लिए अफ़सरों का जूता नहीं चाटता-फिरता, दूसरों को अवमानित करने के लिए ग्रहों की खुशामद नहीं करता, आत्मोन्नति के हेतु नीलम नहीं धारण करता, अँगूठियों की लड़ी नहीं पहनता, दाँत नहीं निपोरता, बगलें नहीं झाँकता। जीता है और शान से जीता है।

**7.** पठित पाठ के आधार पर कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' **अथवा** रामचन्द्र शुक्ल की भाषा-शैली की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–50* शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) 'आखिरी चट्टान' के आधार पर कन्याकुमारी में सूर्यास्त के सौन्दर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ख) पंकजकुमार की कहानी के आधार पर अनुराधा के चरित्र की किन्हीं **तीन** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' व्यंग्य के द्वारा लेखक क्या प्रतिपादित करना चाहता है? स्पष्ट कीजिए।

**9.** (क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के प्रमुख पात्र के चरित्र की **तीन** प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' ऐतिहासिक उपन्यास है। इसके पक्ष या विपक्ष में **तीन** तर्क दीजिए। 3

**अथवा**

'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर बुन्देलखण्ड के आंचलिक परिवेश पर टिप्पणी कीजिए।

**10.** (क) कुमुद को दुर्गा का अवतार क्यों माना जाने लगा था? 1

(ख) अलीमर्दान कौन था? 1

**11.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

तरुणाई है नाम सिंधु की उठती लहरों के गर्जन का,
चट्टानों से टक्कर लेना लक्ष्य बने जिनके जीवन का।
विफल प्रयासों से भी दूना वेग भुजाओं में भर जाता,
जोड़ा करता जिनकी गति से नव उत्साह निरंतर नाता,
पर्वत के विशाल शिखरों-सा यौवन उसका ही है अक्षय,
जिसके चरणों पर सागर के होते अनगिन ज्वार सदा लय,
अचल खड़े रहते जो ऊँचा शीश उठाए तूफानों में,
सहनशीलता, दृढ़ता हँसती, जिनके यौवन के प्राणों में।

(क) तरुणाई को सागर की लहरों के समान क्यों माना गया है? 1

(ख) प्रयास सफल न होने पर उत्साही युवकों पर क्या प्रभाव पड़ता है? 1

(ग) यौवन की तुलना किससे की गई है? क्यों? 1

(घ) तूफानों और संकटों में वीरों का व्यवहार कैसा रहता है? 1

(ङ) काव्यांश का केन्द्रीय भाव **दो** वाक्यों में लिखिए। 1

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हम कांचीपुरम पहुँचे तो गाइड समझाने लगा, ''ये भारत की प्राचीन सप्तपुरियों में से एक पुरी है—कांची। इसका प्राचीन नाम कांचनपुर भी था। यह तमिलनाडु का प्रसिद्ध नगर है। पल्लव राजाओं ने छठीं शताब्दी में यहाँ अनेक मन्दिर बनवाए थे। शंकराचार्य और रामानुजाचार्य जैसे प्रसिद्ध दार्शनिकों और संस्कृत के कवि दण्डी और भारवि भी यहाँ रहे थे। कांची रेशमी साड़ियों के लिए विश्वप्रसिद्ध है। ऐसा कोई पर्यटक नहीं जो यहाँ आकर कांचीपुरम साड़ी न खरीदता हो।'' कांचीपुरम के बाद हमारा अगला पड़ाव था चिदम्बरम। यह तमिलनाडु का पवित्र तीर्थ भी है। शिव की नृत्यमुद्रा 'नटराज' की प्रसिद्ध मूर्ति यहीं पर है। भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाश—इन पाँच भौतिक तत्त्वों के आधार पर पाँच लिंगों की कल्पना करके इस मूर्ति का निर्माण किया गया है। इसका स्वर्णमंडित कलश इसकी शोभा में चार चाँद लगा देता है। इसकी नृत्यशाला,

गोपुरम, कलश, नटराज सभी वास्तुकला के अद्भुत नमूने हैं। गोपुरम में भरतनाट्यम की 108 नृत्यमुद्राओं का चित्रांकन किया गया है।

(क) गद्यांश में किन नगरों का वर्णन है? वे कहाँ स्थित हैं? 1

(ख) कांचीपुरम से किन महापुरुषों का सम्बन्ध रहा है? 1

(ग) कांची का निर्माण किस राजवंश द्वारा किया गया? 1

(घ) पर्यटक यहाँ से क्या खरीदकर ले जाते हैं? 1

(ङ) चिदम्बरम क्यों प्रसिद्ध है? 1

(च) 'नटराज' की क्या विशेषता है? 1

(छ) वास्तुकला के अद्भुत नमूने किन्हें कहा गया है? 1

(ज) चिदम्बरम के गोपुरम की विशेषता लिखिए। 1

(झ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ञ) चार चाँद लगाना—मुहावरे का वाक्य-प्रयोग कीजिए। 1

(ट) प्रसिद्ध, भौतिक—उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए। 1

**13.** कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) पर्यटन, चिंतातुर (संधि-विच्छेद कीजिए)

(ख) मैंने पुस्तक खरीदनी है। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

(ग) यह घड़ी मुझे मामी ने दी थी। (मिश्र-वाक्य बनाइए)

(घ) दिल्ली में भले लोग रहते हैं। (प्रश्नार्थक वाक्य में बदलिए)

(ङ) नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री की शपथ ग्रहण की। (कर्मवाच्य में बदलिए)

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव-पल्लवन कीजिए : 3

(क) गाँव लौटते हुए मैं रास्ता भटक गया।

(ख) मन चंगा तो कठौती में गंगा।

**15.** टिप्पण से आप क्या समझते हैं? टिप्पण का एक प्रकार समझाइए। 3

**अथवा**

प्रारूपण की **तीन** उपयोगिताएँ लिखिए।

**16.** निम्नलिखित अवतरण का सार लगभग **एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए और शीर्षक भी दीजिए : 3+1=4

लेखक का काम काफ़ी हद तक मधुमक्खी के काम से मिलता-जुलता है। मधुमक्खियाँ मकरंद संग्रह करने के लिए कोसों दूर तक चक्कर लगाती हैं। वे सुन्दर और अच्छे फूलों का रसपान करती हैं और उसे जुटाती हैं। तभी तो मधु में संसार का सबसे अधिक, सर्वश्रेष्ठ माधुर्य रहता है। आप भी यदि अच्छा लेखक बनना चाहते हैं तो आपको भी यही स्वभाव अपनाना पड़ेगा। अच्छे-अच्छे ग्रंथों का अध्ययन कर उनके विचारों को आत्मसात् करना होगा। उन पर चिन्तन-मनन करना होगा। तभी आपकी लेखनी रत्न निर्माण करेगी। तब आपकी रचना की लोग सराहना करेंगे।

**अथवा**

आपके विद्यालय में आयोजित लेखक कार्यशाला के उद्देश्यों तथा मुख्य अतिथि के उपर्युक्त वक्तव्य के आधार पर एक रपट लिखिए।

**17.** फुटबॉल के विश्वकप मैचों में अपनी प्रिय टीम या खिलाड़ी की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

**18.** पिछले कुछ महीनों के सोने के भाव नीचे दिए गए हैं, इसे उपयुक्त आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए : 4

| **मास** | **मूल्य ( रुपयों में)** |
|---|---|
| जनवरी '14 | 30,000 |
| फरवरी '14 | 29,500 |
| मार्च '14 | 29,000 |
| अप्रैल '14 | 29,000 |
| मई '14 | 28,500 |
| जून '14 | 27,500 |

**19.** 'शब्द शिल्पी', शकरपुर, दिल्ली से आपने जो पुस्तकें मँगाई थीं उनमें कुछ जर्जर और फटी हुई हैं और मूल्य भी मनमाना लगाया गया है। उक्त प्रकाशक के जनसम्पर्क अधिकारी को इस सम्बन्ध में एक पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

आप जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय वन्यजीवन उद्यान देखने गए थे। वहाँ की व्यवस्था, रखरखाव तथा पर्यटकों के प्रति कर्मचारियों के व्यवहार पर अपने विचार एक पत्र द्वारा निदेशक, कुमाऊँ मंडल विकास निगम, देहरादून को लिखिए।

**20.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) मेरा प्रिय पक्षी

(ख) पुस्तकालय का शिष्टाचार

(ग) लड़का-लड़की एक समान

(घ) मेरा भारत प्यारा भारत

**खण्ड–ख**

**( सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी )**

**21.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : ½+½=1

(क) ब्रेकिंग न्यूज़

(ख) पीत पत्रकारिता

(ग) 24 7 चैनल

**22.** (क) 'मुद्रित माध्यम' से क्या तात्पर्य है? सोदाहरण लिखिए। 2

(ख) समाचार संकलन के **दो** स्रोतों का उल्लेख कीजिए। 2

**23.** निकट की झोंपड़ी-बस्ती में लगी आग और दमकल विभाग द्वारा किए गए उपायों के उल्लेख सहित एक छोटा-सा समाचार किसी समाचार-पत्र के लिए लिखिए। 3

**24.** 'झंकार' नामक संस्था द्वारा ग्रीष्मावकाश में शास्त्रीय नृत्य सिखाने की विशेष कक्षाओं के बारे में एक विज्ञापन का आलेख लिखिए। 3

**25.** (क) समाचार एजेंसी से क्या तात्पर्य है? वे क्या करती हैं? 2

(ख) विज्ञापन की **दो** उपयोगिताएँ बताइए। 2

## खण्ड–ग

## ( विज्ञान की भाषा—हिन्दी )

**21.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** को परिभाषित कीजिए : ½+½=1

(क) लैपटॉप

(ख) गर्भ-निरोधक

(ग) जीवाश्म

**22.** (क) 'सुश्रुत संहिता' पर **एक** टिप्पणी लिखिए। 2

(ख) प्राचीन भारत में धातुविज्ञान की उत्कृष्टता के **दो** उदाहरण दीजिए। 2

**23.** ग्लोबल वार्मिंग क्या है? उसके प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 4

**अथवा**

भारत में जनसंख्या वृद्धि की समस्या का समाधान कैसे हो सकता है? **चार** उपायों का उल्लेख कीजिए।

**24.** विज्ञान की भाषा और सामान्य भाषा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

**25.** वैज्ञानिक दृष्टि का महत्त्व और जीवन में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 3

★ ★ ★